**खबर संक्षेप**

## 1.27 करोड़ महिलाओं को 1552.38 करोड़ की राशि का अंतरण



**मण्डला।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज 16 अप्रैल 2025 को मण्डला आगमन हो रहा है। वे ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख महिलाओं के खाते में 1552 करोड़ 38 लाख की राशि का अंतरण करेंगे। प्रत्येक पात्र बहनों के खाते में 1250 रूपये की राशि प्राप्त होगी। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 56 लाख 68 हजार हितग्राहियों को 34013 लाख रुपए की राशि का अंतरण किया जायेगा। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री मध्यप्रदेश शासन सम्पतिया उइके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक निवास चैनसिंह वरकड़े, विधायक बिछिया नारायण सिंह पट्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## 232.08 करोड़ के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**मण्डला।** ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित कार्यक्रम में 232.08 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 150.46 करोड़ रुपये की लागत वाली 28 विभिन्न विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन करेंगे। इसके अतिरिक्त, वे 81.62 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके है।

### 18 साल से जमे अधिकारी को हटाने की मांग की

# सड़कों पर उतरी समूह की महिलाएं

*** पूजा हटाओ समूह बचाओ से गूंजा निवास एस डीएम कार्यालय।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

आजीविका मिशन याने जिले में भ्रष्टाचार की पूरी गारंटी। इस विभाग में पदस्थ जितने भी अधिकारी, कर्मचारी हैं या तो वे स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त हैं अथवा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर कहीं न कहीं भ्रष्टाचारियों को सहयोग अवश्य कर रहे हैं। मण्डला में ही ब्लॉक उपप्रबंधक को लेकर समूह की महिलाओं ने कहां-कहां शिकायत नहीं की कि उनसे उपार्जन के नाम पर 50 हजार रूपये की रिश्वत मांगी गई और नहीं देने पर समूह को ही बंद करने की धमकी दी गई। बार-बार शिकायत होने पर महज स्थानांतरण तक ही कार्यवाही सीमित रही और आज भी वह ब्लॉक सहप्रबंधक डंके की चोट पर मण्डला में ही कार्यरत है। कलेक्टर के आदेश की जिस तरह अव्हेलना एनआरएलएम विभाग द्वारा की गई





वह जगजाहिर है। अब पुनः बीजाडांडी ब्लॉक निवास क्षेत्र में इसी तरह की मनमानी ब्लॉक प्रबंधक द्वारा की जा रही है जिसको लेकर समूह की महिलायें सड़को पर उतरने मजबूर हैं।

मण्डला जिले के समस्त ब्लॉकों का एनआरएलएम शुरू से ही सुर्खियों में रहा है कभी उपार्जन को लेकर तो कभी नारायणगंज में ग्राम संगठन के पैसों के घोटाले को लेकर तो कभी गाय, भैस मामले को लेकर अब निवास में एक अधिकारी की झूठी शिक़ायत कर ट्रांसफर करने को लेकर सेकड़ो महिलाओ ने काम का बहिष्कार कर पूजा शर्मा को हटाओ समूह बचाओ के नारे लगाए। उनका कहना है सच्चे और ईमानदार अधिकारी को हटाकर पैसा खाने के चलते पूजा शर्मा ने अधिकारी से मिलकर लक्ष्मी रजक का ट्रांसफर कराया है जो गलत है उनको वापस लेकर आया जाए।

### पूजा शर्मा द्वारा जनपद उपाध्यक्ष को दी गई राशि आरोप

उक्त मसले पर समूह की महिलाओं ने बड़ा आरोप लगाते हुये यह भी कहा कि मेडम हमसे यह कहकर पैसे मांग रही है कि मैंने ऑन लाइन उपाध्यक्ष को पैसे दिये हैं अब उसकी भरपाई आप लोग करो।

मंगलवार को अनुविभागीय अधीकारी के कार्यालय में सेकड़ो महिलाओ ने आकर समूह बचाने के लिए आवेदन दिया साथ ही बताया कि यहां पूजा शर्मा के द्वारा दीदीओ के हिस्से का पैसा लिया जाता है जो भी पैसा आता है हर चीज में वह दीदीयों से कमीशन लेती है समूह की चेक बुक उन्ही के पास है और कभी भी अध्यक्ष सचिव के हस्ताक्षर भी नही कराती है खुद ही किसको कितना भुगतान करना है वह खुद करती है केश बुक बीजाडांडी से लिखवाती है आज तक समूह की महिलाओं को केश बुक नही दिखाई गई है जब इस संदर्भ में महिलाओं से पूछा गया तो उनने बताया कि यह लक्ष्मी रजक के जाने के बाद से परेशान कर रही है जब तक निवास में लक्ष्मी रजक थीं, तब तक सभी समूह की महिलाओं के पास चेक बुक व (स्कूटी) बाइक थी, मगर उनके जाने के बाद पूजा शर्मा सभी को चेक बुक और गाड़ी के लिए परेशान कर रही है, महिलाओ ने बताया कि पर्यावरण मित्रों को शासन के द्वारा निवास ब्लॉक में तीन स्कूटी प्रदान की गई थी जिसमें से एक स्कूटी पूजा शर्मा अपने घर पर रखी हुई है साथ ही पिपरिया संकुल की स्कूटी प्रसन्ना झारिया अपने घर मे रखे हुए है केवल मनेरी संकुल की गाड़ी समूह की दीदी के पास है पूजा शर्मा पिछले 18 वर्षों से यहां है और उनने राजनीति करके बड़ी मेडम की झूठी शिकायत करा कर यहां से हटवाया है। उनके द्वारा क्या क्या किया गया है क्या शिकायत उनके विरुद्ध हुई है यह सब हमको देखना है।

समूह की महिलायें हो रहीं लामबंद ने बताया कि अगर पूजा शर्मा को निवास से नही हटाया गया तो वह काम नही करेगी अच्छे और ईमानदारी अधीकारी को राजनीति करके हटवा दिया गया है ताकि तीनों संकुल में वह अपना एकछत्र राज चला सकें और गरीब आदिवासी महिलाओं का शोषण कर उनके हिस्से का पैसा स्वयं हजम करती रहे ऐसे लोगो को निवास से हटाकर नए अधिकारी लाये जाए हम पूजा शर्मा के साथ काम नही करेंगे। वही अगर यहां से कार्यवाही नही होती है तो सभी महिलाएं कलेक्टर मण्डला और जिला पंचायत सीईओ के पास जाकर बात करेगी।

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



*** सड़क पर लगाया जाम मामला आर डी कॉलेज मंडला के सामने का।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

क्षेत्र में लंबे समय से चल रही पेयजल संकट की समस्या को लेकर रविवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। पानी की किल्लत से त्रस्त ग्रामीणों ने कॉलेज के सामने तालाब के पास सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सड़क पर बैठ गए, जिससे यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि बीते चार दिनों से गांव में पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। गर्मी के इस मौसम में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति न होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या की सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

बर्तन लेकर किया प्रदर्शन प्रदर्शन के दौरान महिलाएं और पुरुष अपने अपने पानी भरने के बर्तन लेकर सड़कों पर उतर आए। उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि जब तक स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान मौके पर प्रशासन की कोई भी मौजूदगी न होना, ग्रामीणों के आक्रोश को और बढ़ा गया। लोगों ने आरोप लगाया कि उनकी समस्या को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पानी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है।

स्थिति को देखते हुए अब प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है कि वह अविलंब मौके पर पहुंचे और समस्या का स्थायी समाधान करे। ग्रामीणों की मांग है कि गर्मी के इस कठिन समय में जल संकट जैसी गंभीर समस्या को प्राथमिकता दी जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए



# चेतना तथा प्रसून का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया

स्थानीय खेरमाई मंदिर में ब्राम्हण समाज अंजनियां द्वारा समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि अंजनिया निवासी शरद पांडेय की पुत्री चेतना द्वारा नवोदय चयन परीक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा छठवीं में प्रवेश लिया गया है तथा अंजनियां निवासी संजय झा के पुत्र प्रसून झा द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर 353 वीं रैंक के साथ भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान आईआईटी हैदराबाद में प्रवेश लिया गया है। समाज द्वारा दोनों होनहार प्रतिभाओं को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सामाजिकजनों ने चेतना तथा प्रसून की उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताया तथा कहा कि इनकी उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणा का काम करेगी।इस दौरान नीलू महाराज पीयूष पांडेय प्रकाश तिवारी नर्मदा प्रसाद पांडेय उमाकांत शुक्ला कुलदीप झा राजेश मिश्रा विनोद मिश्रा प्रतीक झा धनेश्वर पांडेय अरविंद झा अशोक झा जयदीप झा शरद पांडेय आकाश शर्मा उपस्थित थे।



**आयोजन** | **भारतीय क्रिकेट टीम में चयनित शुची उपाध्याय का किया गया सम्मान।**

# क्रीड़ा-भारती स्थापना दिवस पर खो-खो प्रतियोगिता

*** नॉकआउट पद्धति से खेली गई प्रतियोगिता।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



हनुमान प्रकटोत्सव के दिन खेल एवं खिलाड़ियों के लिए समर्पित संगठन क्रीड़ा भारती के स्थापना दिवस शुभ अवसर पर 12 अप्रैल दिन शनिवार से नगर स्तरीय अंतर विद्यालय बालिका खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके शुभारंभ कार्यक्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग अध्यक्ष डॉ. विशाल बन्ने, अखिल भारतीय निर्णायक मंडल सदस्य भीष्म सिंह राजपूत, कुलदीप बरार पूर्व प्रशासक SAI जबलपुर, नगर पालिका मंडला अध्यक्ष विनोद कछवाहा एवं डॉ. गुलबहार खान की गरिमामय उपस्थिति में शुभारंभ शाम 5:00 बजे पुलिस लाइन ग्राउंड मंडला में किया गया। क्रीड़ा भारती महाकौशल प्रांत जिला मंडला द्वारा इस दो दिवसीय बालिका खो-खो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन में नगर के विभिन्न विद्यालयों से आठ खो-खो की टीमों में सरस्वती विद्यालय, सान्याल विद्यालय, मोंटफोर्ट स्कूल, निर्मला स्कूल, अवंती बाई स्कूल, महर्षि स्कूल, नवोदय स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय की बालिकाओं ने उत्साह पूर्वक अपनी प्रतिभागिता दी। प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से खेली गई। जबकि समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 13 अप्रैल दिन रविवार को प्रतियोगिता के फाइनल में निर्मला विद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालय मंडला के बीच हुआ। अंततः निर्मला कॉन्वेंट हाई सेकेंडरी स्कूल अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए क्रीड़ा भारती महाकौशल प्रांत जिला मंडला द्वारा आयोजित प्रथम खो-खो प्रतियोगिता में चैंपियन बनी एवं उपविजेता केंद्रीय विद्यालय रही। खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए दमदार प्रदर्शन किया। क्रीड़ा भारती महाकौशल प्रांत जिला मंडला द्वारा इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि जागृत करना शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना एवं पारंपरिक भारतीय खेलों को पुनर्जीवित करना है। कार्यक्रम में पुरस्कार स्वरूप विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं टी-शर्ट प्रदान की गई, समापन कार्यक्रम में अनेक गणमन अतिथि की उपस्थिति रही, जिसमें प्रमुख रूप से कौशलेंद्र जी क्षेत्र संगठन मंत्री क्रीड़ा भारती, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य मंडला की बेटी शुची उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेश कछवाहा, समाजसेवी सरिता अग्निहोत्री, डॉ. गुलबहार खान, भाजपा नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, सचिन शर्मा, सौरभ गुप्ता एवं अन्य सामाजिक एवं खेल जगत के जुड़े गणमन नागरिक तथा बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रमुख उपस्थित रहे। क्रीड़ा-भारती महाकौशल प्रांत जिला मंडला के द्वारा मंडला को गौरवान्वित करने हेतु भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य मंडला की बेटी शुची उपाध्याय का शाल श्रीफल से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आए क्रीडा केन्द्रो के खेल शिक्षक एवं खेल विशेषज्ञ को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया एवं बैठक आयोजित कर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। निर्णायक की भूमिका में मयंक उपाध्याय, सागर मरावी, कुणाल गोठारिया, यशोदा नंदन वागरी एवं अंश तिवारी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने की विशेष भूमिका में डॉ आकाश छत्री एवं क्रीड़ा भारती मंडला के समर्पित कार्यकर्ताओं जिला संयोजक शशांक मिश्रा, जिला अध्यक्ष योगेश कछवाहा, उपाध्यक्ष मोहन भंडारी, जिला महामंत्री संदीप कुमार कछवाहा सह मंत्री अजय वंशकार, कोषअध्यक्ष सत्यम मिश्रा, मातृशक्ति प्रमुख प्रगति दुबे एवं सोनम कछवाहा, क्रीड़ा केंद्र प्रमुख त्रिलोक डोंगरे आदि की भूमिका रही।

# कर्मठ युवा नेता सुंदर सोनी बने मंडल उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर युवा नेतृत्व को प्राथमिकता देते हुए ग्राम पडरिया उर्फ नारायणगंज मंडल के कर्मठ युवा नेता सुंदर सोनी को मंडल उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है इस दायित्व के मिलने से पार्टी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष माहौर है सुंदर सोनी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में काम कर रहे हैं इस नियुक्ति पर मंडला लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री फागन सिंह कुलस्ते मंडला विधानसभा के एवं मध्य प्रदेश केबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके एवं जिला मंडल अध्यक्ष संजय कुशराम ने एवं वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी।







### सुशांत अग्रवाल एवं मृदु किशोर साहू भाजपा मंडल के महामंत्री बने

भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर युवा नेतृत्व को प्राथमिक देते हुए ग्राम पंचायत पड़रिया और नारायणगंज मंडल के कर्मठ युवा नेता सुशांत अग्रवाल एवं मृदु किशोर साहू को मंडल के महामंत्री पद के लिए नियुक्त किया गया इस नियुक्ति पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं श्रीमती सम्पतिया उइके केबिनेट मंत्री, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रतनसिंह ठाकुर एवं मण्डल अध्यक्ष किशन तेकाम खुशी जाहिर करते हुये इन्हें बधाई प्रेषित की है।

## कलेक्टर ने किया टिकरवारा-हिरदेनगर पुल का निरीक्षण



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बंजर नदी पर निर्माणाधीन टिकरवारा से हिरदेनगर को जोड़ने वाले पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बुधवार को होने वाले सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम के दौरान भीड़ को देखते हुए पुल के दोनों ओर बेरीकेटिंग कराएं। यहां से वाहनों का यातायात बंद कराएं, केवल पैदल जाने वालों के लिए मार्ग को खुला रखें। उन्होंने निर्देशित किया कि पुल से टिकरवारा की ओर बनी एप्रोच रोड के साईड में पर्याप्त साईड फिलिंग कराएं। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीएम बिछिया सुश्री सोनाली देव, एसडीएम नैनपुर श्री आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## बंदूक लायसेंसधारी भी गरीबी रेखा योजना का लाभ ले रहे तो हकदार भटकने के लिये हो रहे मजबूर

**सांईखेड़ा।** जिस प्रकार से सरकार द्वारा गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले लोगों का भला करने की उद्धेश्य को लेकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है उसका लाभ गरीबों को मिलने की जगह बड़े बड़े जमीदार लोग लेते हुए दिखाई दे रहे है, यदि सही मायने में देखा जावे तो इस योजना के तहत पात्र हितग्राही वही माने जाने है जिनके पास तीन एकड़ से कम जमीन हो, मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गरीब रेखा सूची में अनेक इस प्रकार के लोगों के नाम देखने आसानी से मिल सकते है जिनके पास ट्रेक्टर से लेकर खेतों में नलकूप पानी दे रहे है इतना ही नही यदि गरीबी रेखा सूची की सच्चाई को जानने के लिए गहराई से खोज की जावे तो बंदूक के लाईसेंसधारी लोगों के नाम भी इस सूची में मिलने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? जिसमें देखा जावे तो इस समय जनपद पंचाय सांईखेड़ा के अन्तर्गत अनेक ग्रामों में बनी गरीबों की लिस्ट को देखा जावे तो बड़ा आश्चर्य होता है। क्योंकि ब्लाक के पास उपलब्ध गरीबी सूची का यदि ईमानदारी से मुआवना किया जावे तो अनेक चौकाने वाले नाम सामने आ सकते है और उन लोगों तक नाम है जिनके पास टेक्ट्ररों से लेकर अनेक मोटर साईकिले तथा कई एकड़ जमीन है और जिनके बच्चें अधिक फीस वाले मंहगे स्कूलों में पढ़ने शहर जा रहे है, इतना ही नही गई लोगों के पास तो बंदूकों का लाईसेंस होने के बाद भी गरीब बने है। अधिकांश लोगों की स्थिति तो यह तक बन बनी है कि वह कई एकड़ जमीनों में धनी होने के बाद जमीन बच्चों के नाम कर शासन की वृद्धावस्था योजना का भी पूरा लाभ लेते हुये देखे जा रहे है, जिसके कारण शासन की गरीबी रेखा का लाभ जो सही पात्र माने जाने वाले गरीबों को मिलना चाहिए वह उन्हें न मिलकर पैसा बालों को अमीर बनाता जा रहा है।

## अनेक मूलभूत सुविधाओं से वंचित सालीचौकावासी हो रहे परेशान, छोटी छोटी जरूरतों के लिए दौड़ना पड़ता है गाडरवारा

**सालीचौका।** कहने के लिए तो सालीचौका को ग्राम पंचायत से बढ़कर नगर परिषद का दर्ज मिल चुका है, मगर यदि सालीचौका की सच्चाई पर गौर किया जावे तो आज भी यहां के निवासी अनेक प्रकार की मूलभूत समस्याओं से जूझते हुए देखे जा रहे है क्योंकि उन्हें छोटी छोटी जरूरतों के लिए गाडरवारा शहर या फिर अन्य शहरों के लिए जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यदि व्यापारिक दृष्टि पर गौर किया जावे तो सालीचौका क्षेत्र को धान का कटोरा कहा जाता है इस क्षेत्र में सबसे अधिक धान पैदा की जाती है। वही दूसरी ओर इसी के चलते क्षेत्र में बड़ी बडी दो राईस मिले संचालित होने के साथ साथ बड़ी बड़ी दो शुगर मिल है। वही कृषि मंडी होने के साथ साथ यहां पर हायर सेकेण्डरी द्वारा का शासकीय स्कूल व स्वास्थ्य केन्द्र भी स्थापित है, जिसके चलते देश के प्रधानमंत्री द्वारा डिजिटल इंडिया बनाने की मुहिम के चलते आम लोगों का हर प्रकार का लेनदेन बैकों के माध्यम से किया जा रहा है, इस स्थिति में सालीचौका में पर्याप्त बैकों की स्थापना नही होने के कारण जहां लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। बैक के नाम पर मात्र एक बैक होने के कारण लोग परेशान होने के लिए मजबूर हो रहे है जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो आम लोगों के अनेक प्रकार के कार्य व लेनदेन राष्ट्रीयकृत बैकों के माध्यम से होते है, इस प्रकार से सालीचौका में राष्ट्रीयकृत बैक नही होने की स्थिति में जहां लोगों को दूसरे शहर जाने के लिए परेशान होते हुए देखा जाता है। वही स्कूली छात्र छात्राओं को भी बैक संबंधी स्कूलों में जब दस्तावेज मांगे जाते है तो उसमें राष्ट्रीयकृत बैक के होना जरूरी होने के कारण उन्हें अन्य दूसरी जगहों पर अपने खाते खुलवाना पड़ रहे है? वही जब सभी प्रकार के लेनदेन बैकों के माध्यम किये जाने को लेकर देश प्रधानमंत्री द्वारा लेनदेन को भी केशलेस बनाया जा रहा है तो फिर यहां पर मात्र एक ही एटीएम होने के कारण लोगों को अपने खातों से राशि निकालने में भी अनेक परेशानियों का सामना करते हुए देखा जाता है, इस स्थिति में गौर किया जावे तो जहां डिजीटल इंडिया के सपने को ग्रहण लगते हुए देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर आम लोगों को परेशानियों का भी सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस प्रकार से सालीचौका क्षेत्र की जनता अनेक प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से बंचित रहने की स्थिति में क्षेत्र के नेताओं को हरिभूमि के माध्यम से लगातार अवगत कराया जा रहा है, मगर इसके बाद भी किसी के द्वारा ध्यान न देना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई सामने आ रही है। वही दूसरी ओर लोग यह बात भी कहने से नही चूक रहे है कि क्षेत्र के नेताओं की राजनीति सिर्फ वोट मांगने तक ही सीमित होकर रहे चुकी है? क्योंकि जिन समस्याओं से क्षेत्र के लोग जूझ रहे है।

# मादक पदार्थो के खिलाफ टीआई ने फिर डंडा घुमाने की शुरूआत, एक युवक के पास से स्मैक पावडर सहित दो युवकों को सेवन करते किया गिरफ्तार

गाडरवारा









क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सख्त आदेश जारी किये गये है। इसी के चलते बीते हुये दिवस उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा एक युवक के पास से 6.93 ग्राम स्मैक पावडर सहित दो युवकों को सेवन करते हुये पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर के राजेन्द्र बाबू वार्ड में एक व्यकित कुछ मादक पदार्थ रखे हुये है। इस सूचना से टीआई रजक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका द्वारा आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने के लिये आदेश दिये जाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के दिशा निर्देष व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बनाई गई इस टीम में मुख्य रूप से टीआई विक्रम रजक के साथ चौकी प्रभारी सिहोरा अभयराज सिंह ठाकुर,सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह राजपूत,प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, राम गोपाल सिंह राजपूत, आरक्षक दिनेश पटैल, कृष्णमुरारी,ऐश्वर्य वेंकट,विवेक, रामसिंह, महिला आरक्षक नेहा पटैल को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्राम इमालिया राजेन्द्र बाबू वार्ड में संदिग्ध स्थिति में घूम रहे एक व्यक्ति को पकड़कर जब पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम प्रदुम्म पिता प्रीतम कौरव उम्र 24 साल निवासी ग्राम कठौतिया थाना गाडरवारा का होना बताया गया। वही पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर युवक के पास से 06.93 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमती करीबन 60 हजार रूपये के लगभग जप्त किया गया। वही पुलिस द्वारा आरोपी से जप्त किये गये अवैध मादक पदार्थ स्मैक के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा उक्त स्मैक कुछ दिन पूर्व अपने अन्य साथी से लाना बताया गया। पुलिस द्वारा आरोपी प्रदुम्न कौरव के खिलाफ धारा 8,21(b),29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरप्तार किया गया। इसी तारतम्य में पुलिस टीमों द्वारा ग्राम बोहानी में अलग-अलग स्थानों से अवैध मादक पदार्थ का स्मैक का सेवन करने वाले 02 स्मैकचियों को पकड़ने में सफलता हासिल की गइ्र जिसमें मनोज पिता सुदामा प्रसाद कौरव उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम बरांझ पुलिस चौकी सिहोरा व सुरेन्द्र पिता हरि गोविन्द चौबे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम मनकवारा के खिलाफ पुलिस द्वारा धारा 8,21,27,29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस तरह कुछ अंतराल के बाद डीएसपी रत्नेश मिश्रा तथा टीआई विक्रम रजक की जुगल जोड़ी द्वारा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ अपना डंडा घुमाना शुरू कर देने के कारण इस अवैध कारोबार से जुडे लोगों में हड़कप की स्थिति निर्मित होते हुये दिखाई देना शुरू हो गई है। इस संबंध में जब उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि मादक पदार्थो के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार कार्यवाही की जा रही है। जैसे ही सूचना मिलती है हमारे द्वारा कार्यवाही की जाती है। पहले भी हमारी टीम नगर में स्मैक पावडर का कारोबर करने वालों को पकड़ते हुये उन्हे जेल भेजा गया है। वही इसकी चेन तोड़ने के लिये हमारी टीम द्वारा बडे बडे सौदागरों को दूसरे प्रांतो से पकड़ने में सफला हुई थी। इसी प्रकार से नगर निरीक्षक विक्रम रजक का कहना है कि गाडरवारा पुलिस द्वारा किसी भी अवैध कृत्य को कभी स्वीकार नही करेगी। यदि हमको जानकारी मिलती है तो भले ही वह व्यक्ति कितनी ही पहुंच वाला क्यों न हो मगर पुलिस की पकड़ से नही बच पायेगा। वही हम नगर व क्षेत्र के लोगों से अपेक्षा करते है कि इस तरह यदि कोई व्यक्ति मादक पदार्थ का कारोबार हो या फिर जुंआ सट्टा सहित अन्य अवैधानिक कृत्यों में लिप्त रहने वाले व्यक्ति के संबंध में मुझे या फिर अन्य अधिकारियों को सूचना देवे तुरंत कार्यवाही की जावेगी तथा सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी को पूर्णरूप से गुप्त रखा जावेगा। क्योंकि किसी अवैधानिक कृत्य को जड से समाप्त करने में पुलिस को आमजन के सहयोग की जरूरत होती है। यदि जनता व पुलिस इन अवैधानिक कृत्यों को समाप्त करने के लिये मिल एक हो जावे तो निश्चित तौर से काफी हद तक अंकुश लगाने में सफलता मिल सकती है।

## एनटीपीसी में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने मनाया अग्निशमन सेवा दिवस, आयोजित किया कार्यक्रम







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम गांगई के पास स्थापित एनटीपीसी गाडरवारा के सीआईएसफ फायर स्टेशन प्रांगण में बीते हुये 14 अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया । बताया जाता है कि इस अवसर पर 14 अप्रैल 1944 के दिन मुंबई के विक्टोरिया डॉकयार्ड में हुए भीषण अग्नि कांड में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को मुख्य अतिथि समरेंद्र कुमार राय व महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन उप कमांडेंट श्रेय कुमार पाण्डेय सहित सहायक कमांडेंट अग्नि रतन सिंह पडियार, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डया शर्मा, अपर महाप्रबंधक (सेफ्टी) आलोक रंजन बेहरा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्रीमती सविता नायक के आलवा अन्य विभाग अध्यक्ष एवं एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी व सीआईएसएफ के सभी जवानों के द्वारा शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किए गये। वही शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखा गया। वही इस आयोजन में मुख्य अतिथि समरेंद्र कुमार राय महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं प्रचालन ने सभी को अपने स्तर पर अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने और जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। वही अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट/ अग्नि रतन सिंह पडियार द्वारा सभी गणमान्य आगंतुकों का स्वागत किया गया। वही राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुये राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया गया। बताया जाता है कि इस सप्ताह के दौरान अग्नि सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम संयंत्र क्षेत्र, टाउनशिप, आसपास के गांव एवं स्कूलों में आयोजित किए जाएंगे व नागरिकों तथा विद्यार्थियों को फायर फाइटिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस वर्ष के अग्निशमन सेवा सप्ताह का जागरूकता सूत्र एक एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें, को व्यावहारिक रूप से सबके द्वारा अपनाए जाने की अपील की गई ताकि राष्ट्रीय क्षति को रोका जा सके। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया कि आग से होने वाली दुर्घटनाओं को सतर्क रहकर कम किया जा सकता है तथा आग को उसकी प्राथमिक अवस्था में ही आसानी से बुझाया जा सकता है । इस कार्यक्रम का संचालन निरीक्षक/अग्नि कौशलेंद्र कुमार द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने टाउनशिप में आम नागरिकों तथा संयंत्र के अंदर कर्मचारियों को अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूकता रखने का संदेश देने के उद्देश्य से अग्नि वाहनों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । उप निरीक्षक/अग्नि जितेंद्र सारस्वत ने कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि तथा उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सभी से अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित किए जाने वाले अग्नि सुरक्षा जागरूकता संबंधी कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपेक्षा जताई गई।

## पीजी कालेज के सामने दुर्घटना में घायल मदद के लिये लगाता रहा गुहार, किसी ने मदद के लिये नहीं बढ़ाया हाथ

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



क्षेत्र की सड़को पर बेलगाम गति से दौड़ने वाले वाहनों पर अंकुश नही लगने का परिणाम है कि आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोग बेमौत मरते हुये देखे जा रहे है। जिसमें मुख्य रूप से देखा जावे तो नगर के कुछ स्थान इस तरह से बन चुके है जहां पर मौत का सायरन बजते हुये आसानी से देखा जाता है। मुख्य रूप से देखा जावे तो नगर के शांतिदूत तिरहा से लेकर पीजी कालेज के सामने जिस तरह बडे बडे ट्रको से लेकर लोगों के सड़क किनारे वाहन खड़े रहने से दुर्घटना की संभावना सदा ही बनी रहती है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सोमवार की देर शाम उस समय देखने मिली जब एक मोटर साईकिल चालक को किसी अज्ञात ट्रेक्टर द्वारा टक्कर मारते हुये उसी के ऊपर से चढ़कर निकल जाने के चलते मोटर साईकिल चालक के दोनों पैर पूर्णरूप से कुचल जाने के चलते घायल युवक मौके पर पड़ा रहा और लोगों से मदद के लिये गुहार लगाते रहा। इस तरह मानवता को शर्मसार करने वाली सच्चाई उस समय देखने मिली की वहां से निकलने वाले लोग घायल के पास पहुंचकर इस बात का पता लगाते हुये जरूर देखे गये की कोई हमारे वाला तो नही है..? मगर तडपते हुये व्यक्ति की किसी ने कोई मदद नही किये जाने तक उसके शरीर का काफी मात्रा में खून सड़क पर बहता रहा। वह तो किसी अच्छी सोच का व्यक्ति निकल रहा था जिसने घटना स्थल पर रूकते हुये तुरंत पुलिस की 100 सेवा पर फोन लगाते हुये पुलिस को सूचित किया और जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय भेजा गया। इस तरह घायल की स्थिति गंभीर होने के चलते शासकीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिये रेफर कर दिया गया। मगर वहां पर भी स्थिति में सुधार नही होने के चलते जबलपुर के लिये रेफर किये जाने के चलते घायल की जबलपुर पहुंचने के पहले ही मौत हो गई। इस तरह वाहन चालकों की मनमानी ने एक व्यक्ति की जिन्दगी को समाप्त कर दिया गया है। घटना के संबंध में जब गाडरवारा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि करेली थाना के अंतर्गत ग्राम इमालिया निवासी बारे लाल पिता बक्तू पटैल उम्र लगभग 58 साल अपने किसी काम से मोटर साईकिल लेकर गाडरवारा आया हुआ था जो सोमवार की शाम पीजी कालेज वायपास मार्ग पर किसी ट्रेक्टर द्वारा टक्कर मारने के चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जब पुलिस को सूचना मिली तो तुरंत पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया। डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था जहां से जबलपुर ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। बारे लाल को टक्कर मारने वाले ट्रेक्टर के संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी एकत्र की गई तो पता चल रहा है कि उसमें दहेज का समान भरकर जा रहा था और उसने पीछे से टक्कर मारते हुये उसी के ऊपर से निकल गया है। घटना को लेकर पुलिस द्वारा अलग अलग टीमे बनाते हुये ट्रेक्टर की खोज बीन की जा रही है और शीघ्र ही उसे पकड़ते हुये कार्यवाही की जावेगी। वही घायल बारे लाल का घटना स्थल पर ही काफी खून बह जाने के कारण उसकी जान नही बच सकी। घटना के बाद घायल मौके पर काफी समय तक पड़ा रहा और लोगों से मदद की गुहार लगाता रहा। किसी व्यक्ति द्वारा यदि समय रहते हुये मदद करते हुये चिकित्सालय पहुंचाया गया होता या शीघ्र ही पुलिस को सूचना दी गई होती तो जल्द उपचार मिल जाने से शायद उसकी जान बच सकती थी। मै लोगों से अपेक्षा करता हूं कि इस तरह की घटनाओं में बगैर किसी डर के घायलों की मदद की जावे। मेरा पूरा भरोसा है कि मदद करने वाले व्यक्ति को न तो पुलिस गवाह बनायेगी और न ही किसी प्रकार से कोई परेशानी का सामना करना पडेगा। अक्सर देखा जाता है कि इस तरह की घटनाओं में लोग डर के कारण मदद करने के लिये आगे नही आते है जिससे लोगों की जान नही बच पाती है।

## अनेक किस्म की कीटनाशक दवाओं ने किया किसानों को भ्रमित, संबंधित विभाग की अनदेखी पड़ रही भारी

गाडरवारा



इस समय देखा जा रहा है कि किसानों के खेतों में खड़ी गर्मी की मूंग सहित अन्य फसलों को जिस प्रकार से पानी की जरूरत महसूस की जा रही है। मगर गांवों में जरूरत के हिसाब से बिजली नही मिलने के कारण किसान अपनी फसलों की सिंचाई नही कर पा रहे है। वही दूसरी ओर उन फसलों में मौसम के विपरीत होने के कारण जहां अनेक प्रकार के रोगों से ग्रस्त हो रही है उसके चलते कीटनाशक दवाओं की बिक्री बढ़ने लगी है। वही दूसरी ओर बाजार में अनेक कंपनियों की अनेक किस्म की दवायें बाजार में बेची जा रही हैं किसान भ्रमित है और वह सही गलत दवाओं का चयन नहीं कर पा रहा है। कृषि विभाग में पदस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को वैसे तो इस दिशा में सक्रिय हो जाना चाहिये कि किसानों को यह सलाह दी जा सके कि किस रोग के लिये कौन सी दवा खेतों में डाली जानी चाहिये यह कृषि विभाग के दायिम्वों में समाहित है? परंतु बद किस्मति से यहां ऐसा हो नहीं पा रहा है कि कृषि विभाग में पर्याप्त अधिकारी व कर्मचारी पदस्थ है उनके जिम्मे चार पाँच गाँबों का समूह भी सौंपा गया है। आम तौर पर किसानों की शिकायत रहती है कि इस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उनके निर्धारित क्षेत्रों में उपलब्ध नहीं रहते यहाँ तक की ऑफिसों में भी उनसे मुलाकात कर पाना कठिन होता है? इसी के चलते किसानों को न तो बेहतर जानकारी मिल पाती है और न ही अन्य योजनाओं की जानकारी मिल पाती है। किसानों के हितार्थ केन्द्र और राज्य शासन की अन्य योजनायें संचालित हो रही हैं इन योजनाओं का लाभ सीमित किसान ही उठा पाते हैं । क्योंकि आम किसान तक इस योजनाओं की जानकारी पहुंच ही नहीं पाती। मौसम के खराब होने के साथ ही साथ फसलों में रोग लगने की संभावनायें बढ़ने लगी हैं। इसी के चलते क्षेत्र का अन्नदाता किसान चिंतित हैं ऐसे में कृषि विभाग की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। मगर देखा जाता है कि हर वर्ष किसान रोगनाशक दवाओं में हजारों रूपये खर्च कर लुटता है। कृषि विभाग को यह तय करना आवश्यक है कि कौन सी दवा कारगर है और उस दवा की उपलब्धता इन दुकानदारों के पास है कि नहीं, साथ ही इन दुकानों पर मिल रही है दवा असली है अथवा नहीं, बहरहाल कृषि विभाग को सचेत और सक्रिय होना आवश्यक है। इस क्षेत्र का कृषि विभाग सक्रिय भूमिका निभायें ताकि किसान अनावश्यक लुटने और परेशान होने से बच सके।

## जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से सालीचौका स्थित कुये किया गहरीकरण





**सालीचौका।** जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारियों, मप्र जनअभियान नरसिंहपुर व उनकी संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। जगह- जगह जल संगोष्ठी, प्रतियोगितायें, शपथ सहित दीवार लेखन आदि के कार्य किये जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर लोगों को जल का महत्व बताते हुए अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस मप्र जिला जनअभियान परिषद के तत्वाधान में सालीचौका नगर में जल संगोष्ठी आयोजित कर श्रमदान किया गया। वही दूसरी ओर समीपस्थ सांईखेड़ा नगर स्थित पुराना कुंआ में श्रमदान कर गहरीकरण का कार्य किया गया। बताया जाता है कि बरसात के जल को संचय करने के उद्देश्य से कुंयें की साफ- सफाई कर 2 फीट गहरीकरण का कार्य किया गया। इस कार्य में सेक्टर बसुरिया में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका, जनशक्ति सेवा समिति उकास घाट एवं विवेकानंद वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति सालीचौका के समन्वय से किया गया। इस तरह आयोजित जल संगोष्ठी के दौरान श्रीमती नीरू राजपूत, रामेश्वर वर्मा, रामकृष्ण राजपूत ने जल संरक्षण व संवर्धन के विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुये उन्होंने जल संरक्षण के लिए जन सहभागिता, जागरुकता, पौधरोण, जल स्त्रोतों की साफ- सफाई, जल संचय करने के उद्देश्य से खंती निर्माण, मेड़ व बोरी बंधान, खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में रहे, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। वही इस दौरान वीरेन्द्र वर्मा ने जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विवेकानंद वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति सालीचौका के अध्यक्ष पुखराज राजपूत व सचिवी रीतेश मेहरा, नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति के सचिव रामेश्वर वर्मा, भमका की अध्यक्ष श्रीमती नीरू राजपूत, जनशक्ति संस्था के अध्यक रामकृष्ण राजपूत, बाबईखुर्द के अभिषेक पटेल, गुलाब पटेल, नगर विकास समिति के वीरेन्द्र वर्मा, नवांकुर संस्थायें, प्रस्फुटन समितियों सहित नागरिक मौजूद रहे।

## अम्बेडकर की फोटो के सामने कचरा फेंकने से फैला आक्रोश, पुलिस ने दर्ज किया मामला





हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा

नगर में बीते हुये सोमवार को जहां संविधान के निर्माता डा भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई थी। इसी के चलते शहर में अनेक जगहों पर उनके फैल्क्स व पोस्टर सहित फोटो स्थापित की गई थी। इसी प्रकार से नगर के हृदय स्थल झंडाचौक पर बने हुये जय स्तभ पर लगाई फोटो के समक्ष मंगलवार की सुबह लोगों ने देखा तो भारी मात्रा में कचरा पड़ा होने से जाटव समाज के लोगों में आक्रोश फैल गया। वही इस घटना की सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित प्रशासन के अधिकारी पहुंचे और घटना की सच्चाई देखकर उनके द्वारा कार्यवाही का भरोसा देते हुये नगर पालिका सफाई विभाग से तुरंत सफाई कराने के आदेश जारी किये गये जब कही लोगों का आक्रोश शांत हुआ। वही मौके पर पड़े हुये कचरे में आदि शक्ति प्रतिष्ठान के बिल सहित अन्य कागज पड़े होने से यह अनुमान लग रहा था कि शायद इसी दुकान के माध्यम से यह कचरा डाला गया है या फिर किसी से डल वाया गया जिसके चलते मंगल सिंह पिता गनपत जाटव की शिकायत पर पुलिस द्वारा आदि शक्ति दुकान के संचालक मनोज बसा के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### सरकारी हैंडपंप में दबंग कब्जाकर फसलों की कर रहा सिंचाई ,ग्रामीण परेषान



डिंडौरी- जिले के समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत माधोपुर के पोषक ग्राम बहेरा माल के वनवासी मोहल्ला में सरकारी हैंडपंप में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कब्जा कर पानी का उपयोग निजी तौर पर करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा पिछले दिनों पीएचई विभाग में लिखित शिकायत भी की गई है। इसके बाद भी समस्या का समाधान न होने से ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पानी के लिए परेशान होना पड रहा है। शिकायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकारी हैंडपंप में कब्जा कर बाकायदा मोटर पंप लगाकर पिछले तीन महीने से संबंधित व्यक्ति द्वारा पानी खींच लिया जाता है। आरोप लगाया गया कि पानी का उपयोग फसल की सिंचाई के लिए भी किया जाता है। ऐसी स्थिति में वे दूर स्थित हैंडपंप से पानी लाने मजबूर हैं। बताया गया कि सुबह चार बजे से ही हैंडपंप में पानी भरने के लिए ग्रामीणों भी भीड लग जाती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकारी हैंडपंप में लगाया गया मोटर पंप हटवाया जाए, जिससे सार्वजनिक हैंडपंप से उन्हें भी पानी मिल सके।

### गायत्री परिवार के तत्वाधान में निकली ज्योति कलश यात्रा पहुंची डिंडोरी



डिंडोरी। शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ डिंडोरी जिले के ग्राम शहपुरा से भव्य रूप में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक कुंडी गायत्री महायज्ञ के आयोजन से हुई, जिसमें क्षेत्र के सभी गायत्री परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस पुण्य आयोजन में अमरकंटक से पधारे श्री के. एन. योगी जी तथा जबलपुर से आए श्री नरेश तिवारी जी एवं श्री प्रमोद राय जी (व्यवस्थापक, जबलपुर) की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण हेतु पौधों का वितरण किया गया। साथ ही जल संरक्षण का संदेश देते हुए सभी प्रतिभागियों को जल का सदुपयोग करने का संकल्प भी दिलाया गया। गायत्री परिवार की यह पहल समाज में जागरूकता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण और जल संपदा का उपहार देने का संदेश देती है।

### नींव का कालम गिरने से मजदूर गंभीर रूप से घायल

डिंडौरी-कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंचनपुर में काम करते समय नींव का कालम गिरने से एक मजदूर को गंभीर चोटे आई है। अस्पताली तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मकान मालिक के विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी 2024 को ग्राम कंचनपुर निवासी ऐसिया ऊर्फ आनंद सिंह ऊर्फ ननसिंह पिता मदन सिंह राठौर द्वारा अपने घर के पीछे बने रसोई कमरा को तोडवाने के बाद मजदुरो से मलवा हटवाने व नींव की खुदाई का काम करवा रहा था। नींव के अंदर पुराना दरवाजा हेतु सीमेंट काक्रीट से बना कालम बीम था, जिसको नीव से निकालना व गिराना था। मजदूरो द्वारा ऐसिया ऊर्फ ननसिंह को बोलने पर भी उसके द्वारा बीम को रोकने हेतु बल्ली रस्सी की व्यवस्था नहीं की गई थी। सुरक्षा का उचित प्रबंध किये बिना उपेक्षा पूर्वक कार्य कराने से पुराने सीमेंट कांक्रीट से बना कालम बीम जिसको नीव से निकालने, गिराने हेतु नींव कि खुदायी कराते समय दोपहर करीबन एक बजे नींव मे गडा पुराना बीम कालम राजेश पिता चमरू नेताम उम्र 35 साल निवासी ग्राम कंचनपुर के उपर गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं। अस्पताली तहरीर एवं उस समय काम कर रहे मजदूरों के बयान भी लिए गए। पुलिस ने ऐसिया ऊर्फ ननसिंह उर्फ आनंद सिंह पिता मदन सिहं राठोर उम्र 52 साल निवासी कंचनपुर के विरूद्ध धारा 288, 337, 338 का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### छप्पर तोड़ने की बात दुकानदार को दी जान से मारने की धमकी

डिंडौरी।-कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड परिसर में दुकान का छप्पर तोड़ने की बात पूछने पर दुकानदार को युवक द्वारा जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। अरुण अवधिया पिता स्व. भालचंद अवधिया उम्र 50 साल निवासी वार्ड क्रमांक 09 नर्मदागंज ने रिपोर्ट दर्ज कराया।

# धान धोखाधड़ी के आरोप में तीन पर एफआईआर

## 63 लाख की धान लेकर फरार हुये थे आरोपी

### समनापुर थाना का मामला

समनापुर थनान्तर्गत बैगा चक क्षेत्र में दो दर्जन आदिवासी महिला समूहों के साथ धान खरीदी में धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।इनके नाम आदित्य कोल,किरण मरकाम और कमल पन्द्रों बतलाये गये हैं।



डिण्डौरी

फिलहाल पुलिस मामले की विवेचना में जुटी है।जिसके बाद अन्य आरोपियों पर भी शिकंजा कस सकता है।गौरतलब है कि 21 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बैगाचक क्षेत्र से पहुंची आदिवासी महिलाओं ने लिखित शिकायत में बतलाया था कि एक बिचैलिया उनकी 63 लाख 87 हजार की धान लेकर फरार हो गया है। दो दर्जन से अधिक समूहों से एकत्र की गई धान का वजन 2279 क्विंटल बतलाया गया है। षिकायत में एक राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारियों पर भी मिली भगत के आरोप लगाये गये है। हलाकि इस राजनैतिक पार्टी के लोगों ने मामले पर अनभिज्ञता जाहिर की है। ठगी की षिकार महिलाओं ने बतलाया था कि आदित्य राज कोबरा पिता रामराज निवासी अब्दुल्ला गंज जिला रायसेन और किरण मरकाम निवासी तामिया छिंदवाडा ने समनापुर थाना अंतर्गत वन ग्राम झामुल , अंडई, खाम्ही, बरगांव, सलैया, बम्हनी, चांदरानी, ढ़लौनी, केवलारी, करेगांव , किवाड, बंजरा, डुंगरिया, ईष्वरपुर, बंगवार, आंहा, मुंगेला,दामीतितराही और टिकरिया में महिला समूहो का गठन करवाया और इनके द्वारा क्षेत्र में धान खरीदी करवाई गई । बतलाया गया है कि प्रारंभिक समय में समूहों को 2800 रूपये क्विंटल धान के भाव से भुगतान किया गया । लेकिन जब आवक बढ़ने लगी तो आदित्य कोबरा ने भुगतान में देरी का बहाना बताया और समूहो के द्वारा खरीदी गई 2279 क्विंटल धान लेकर चंपत हो गया । लगातार संपर्क करने पर भी जब विचैलिया आदित्य राज ने आदिवासी महिलाओं समूह का भुगतान नही किया तो उन्होने पुलिस में ठगी की षिकायत की थी।शिकायत के आधार पर समनापुर थाना में धारा 318 और 3 (5) के तहत अपराध कायम कर सभी बिंदुओं पर विवेचना शुरू कर दी है।फिलहाल तीनों आरोपी फरार बतलाये गये हैं।

### अन्य भी आएंगे कार्रवाई के दायरे मे

आदिवासी महिलाओं से की गई इस बड़ी धोखाधड़ी के मामले में राजनैतिक दल और कथित सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका संदिग्ध देखते हुये यह किरदार भी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक विवेचना के दौरान अन्य पर भी आरोप तय हो सकते हैं।

## ग्राम पंचायत में जनसुनवाई से जिम्मेदारों ने बनाई दूरी, कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन




डिंडोरी

कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले की तीन सौ चैसट ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई आयोजित करने के निर्देश जारी किये थे ताकि ग्राम पंचायत में ही उनकी समस्याये सुनी जाकर उनका निराकरण किया जाये लेकिन कलेक्टर के आदेष का ग्राम पंचायत के जिम्मेदारो ने पालन नही किया । दरअसल हर मंगलवार को जिले के कोने कोने से लोग समस्याएँ लेकर कलेक्टर के पास पहुंचते थे लेकिन कलेक्टर ने ग्रामीणों को अनावश्यक यात्रा के खर्च और परेशानी से बचने के लिए पंचायत स्तर पर समस्या सुनने के निर्देश जारी कर दिए लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों ने कलेक्टर के निर्देशों का उलंघन करते नजर आये । कई ग्राम पंचायत में कही पर जिम्मेदार नदारद रहे तो कही पंचायत दफ्तर ही नही खुले जबकि जनसुनवाई की जिम्मेदारी सचिव और रोजगार सहायकों को दिया गया था । लेकिन जिले के समनापुर जनपद क्षेत्र अंतर्गत करीब 48 ग्राम पंचायत है जिनमें से ग्राम पंचायत देवलपुर, पड़रिया-2 में जिम्मेदार नदारद मिले तो कहीं पर ताला लटका मिला, ग्रामीणों ने बताया की उन्हें जनसुनवाई के बारे में जानकारी ही नहीं है, इसके अलावा देवलपुर में सिर्फ चैंकीदार ही उपस्थित था । जबकि प्रत्येक मंगलवार को 11 बजे से 1.30 बजे तक जनसुनवाई आयोजित होना था। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए सराहनीय पहल की लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते जनसुनवाई नही आयोजित हुई वहीं इस मामले में जनपद पंचायत समनापुर के सीईओ ने लापरवाही बरतने बाले पंचायत के जिम्मेदारों को नोटिस जारी करने की बात कह रहे है। वहीं जनपद पंचायत बजाग की ग्राम पंचायत में भी लापवाही सामने आयी है जिसमें बोंदर ग्राम पंचायत में सचिव नदारद रहे और हल्का पटवारी और रोजगार सहायक की उपस्थिति बतलायी जा रही है। इसके अलावा बिलाईखार ग्राम पंचायत में भी यही आलम देखने को मिला ।

## ग्राम पंचायत देवरीकला सचिव पर गड़बड़ी करने का सरपंच ने लगाया आरोप

## जनसुनवाई में शिकायत कर सचिव का स्थानांतरण करने की मांग

### गुमराह कर अपने ग्रह ग्राम की पंचायत पर सचिव ने करा ली पद स्थापना

डिंडौरी

जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला में पदस्थ सचिव पर पंचायत के कार्यों में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत सरपंच अनीता मरावी द्वारा जनसुनवाई में आवेदन दिया गया है। आवेदन में लेख किया गया कि ग्राम पंचायत देवरी कला में पदस्थ सचिव अशोक कुमार तिवारी की नियुक्ति वर्ष 2008 में ग्राम पंचायत देवरी कला में हुई थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सचिव स्थानांतरण नीति वर्ष 2014 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि कोई भी सचिव अपने पद स्थापना की पंचायत में नहीं रहेगा। फिर भी अशोक तिवारी नियम विरुद्ध शासन को गुमराह करते हुए अपनी ग्रह पंचायत में पद स्थापना करा लिया है।

### ग्राम पंचायत भवन निर्माण में फर्जी बिल लगाने के आरोप -

आवेदन में लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत देवरी कला में हाल ही में अटल ग्राम पंचायत भवन लागत 49 लाख रुपये का प्रगतिरत है जिसमें कार्य अभी विंडो लेविल तक हुआ है, । लेकिन कार्य से अधिक की राशि का भुगतान करा लिया गया है।सचिव द्वारा भंडार क्रय नियम का उल्लंघन कर बिना निविदा जारी किए एवं बगैर सप्लाई आर्डर के स्वयं अपने चाहते ठेकेदार संतोष झारिया ग्राम चरगांव का बिल लगाकर फर्जी आहरण किया है। जबकि वास्तविकता यह है कि, अशोक कुमार तिवारी सचिव स्वयं मटेरियल सप्लायर है। इनके पास स्वयं की हाइवा डंफर, जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर ट्राली, मिक्सर मशीन, सभी प्रकार के संसाधन है। आरोप लगाया गया है कि सचिव अपने भाई रोहिणी प्रसाद तिवारी का प्रधानमंत्री आवास वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराकर शासकीय भूमि खसरा नंबर 64 रकवा 0.18 में अतिक्रमण कराकर प्रधानमंत्री आवास बनवा रहा है,। जिसका जियोटेक ग्राम पंचायत कटंगी के रोजगार सहायक मूर्ति वालरे को बुलाकर करवाया गया है।

### घटिया निर्माण के आरोप-

महिला सरपंच ने आरोप लगाया कि ठाकुर मोहल्ला से नहर तक सड़क मरम्मत के नाम से 97 हजार का फर्जी भुगतान किया गया है जबकि उक्त रोड में एक टॉली भी



मुरुम नहीं डाला गया है। यात्री प्रतीक्षालय से हेड पंप तक रोड मरम्मत के नाम से ज्यादा से ज्यादा 20 ट्रॉली मुरुम भी नहीं डाला गया है और 92 हजार का फर्जी भुगतान किया गया है। ग्राम देवरी रैयत बंजर टोला आंगनबाड़ी से मुख्य रोड़ तक सीमेंट कांक्रीट रोड 7.50 लाख का स्वीकृत कराकर स्वयं ठेकेदारी कर घटिया गुणवत्ताहीन रोड बनाया गया है जो की 3 माह में ही रोड उखड़ने लगा है जिसकी जांच अति आवश्यक है। ग्राम देवरी कला में झिरिया पास से शंकर रैदास के घर तक सीमेंट रोड निर्माण 5 लाख का स्वीकृत कराया गया और रोड घटिया गुणवत्ताहीन रोड निर्माण कार्य कराया गया है। देवरी रैयत में आदिवासी मोहल्ला में 2 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड स्वीकृत करा कर एक रुपये का भी कार्य नहीं कराया गया है, और पूरी राशि आहरण कर लिया गया है।

### प्रताडित करने का लगाया आरोप-

सरपंच ने षिकायत में बतलाया कि सचिव का चाचा छोटेलाल तिवारी जनपद पंचायत शहपुरा में लगभग 40 वर्ष तक सहायक ग्रेड 2 लिपिक के पद पर पदस्थ रहा है, जिसका रसूख पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र में व्याप्त है। ग्राम पंचायत के लोग परेशान रहते हैं। विरोध करने वाले को उनके द्वारा अत्यधिक प्रताड़ित किया जाता है। मेरे द्वारा आवाज उठाने से मुझे मेरी जान माल का खतरा है। सचिव अपने परिवार के सगे संबंधी एवं नाते रिश्तेदारों को लाभ पहुंचाने का काम करता है। अभी हाल ही में अपने एवं चचेरे भाई समेत बड़े पिता के लड़के को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया है। सरपंच द्वारा नियमनुसार जांच करवाते हुये सचिव के बिरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के साथ अन्य स्थान पर स्थानांतरण कर किसी दूसरे सचिव की पदस्थापना करने की मांग की गई है।



## धू-धूकर जलता रहा जंगल, चैन की नींद सोता रहा वन अमला

## ग्रामीणो ने बडी मषक्कत के बाद आग पर पाया काबू

डिण्डौरी

वन परिक्षेत्र उत्तर समनापुर अंतर्गत किवटी वीट के किकरझर के जंगल में दो दिनो से आग ने तांडव मचा रखा था । इसकी चपेट में बडी तादात में हरे भरे पेड़ आ गये । लेकिन वन अमला चैन से सोता रहा और जंगल धू- धूकर जलते रहे । ग्रामींणो ने इसकी सूचना वन विभाग के अमले को भी दी लेकिन बीट में तैनात वन विभाग के कर्मचारी ग्रामींणो को ही उल्टा नसीहत देते रहे । जानकारी के अनुसार किकरझर के कक्ष क्रमांक 246 में शुक्रवार को अचानक आग भड़क गई और यहां सरई सहित अन्य प्रजाति के पेड़ चपेट में आ गये । गर्मी के मौसम में पेड़ों से टूटकर जमीन पर गिरे पत्ते आग को विकराल रूप दे दिये जिससे आग लगातार फैलने लगी। आलम यह रहा कि हरे भरे पेड़ पौधे झुलसने लगे हालात ऐसे पैदा हो गये कि आग जंगल से सटे सूखे खेतों की तरफ फैलने लगी जिसके बाद ग्रामींणो को चिंता सताने लगी कि इंसानी बसाहट की तरफ आग फैल न जाये और जनधन हानि न हो जाये। जिसके बाद ग्रामीणो ने रविवार को कड़ी मषक्कत के बाद आग बुझाने में कामयाब हुए । हालाकि आग की चपेट में आने से बड़ी तादात में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों के अनुसार आग बडे इलाके में लगी हुई थी जिसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थी । सवाल यह उठता है कि बड़े इलाके में आग जंगल को अपना निषाना बना रही थी और वन अमले के अधिकारी , कर्मचारियों को इस बावद जानकारी नही हुई यह कहना गलत होगा। लेकिन इस सबके बावजूद जंगल जलता रहा और सब चैन से सोते रहे ।



### डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाई गई

अमरपुर। संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय एवं समता के महान पुरोधा, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करते हुए संविधान के पुस्तक को हाथ में लेकर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्ष, संविधान निर्माण में उनके योगदान एवं सामाजिक समरसता की दिशा में उनके कार्यों को याद करते हुए उनके दिखाई मार्ग में चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, ब्लॉक संगठन मंत्री शाहिद तुर्क, मंडलम अध्यक्ष संदीप शाह परस्ते, महामंत्री प्रदीप बनवासी, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग देव सिंह भारती,

## सूने घर से अज्ञात चोरों ने लाखो के सोने चांदी के आभूषण किए पार

डिंडौरी- कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत साकेत नगर में एक सूने घर से अज्ञात चोरों द्वारा लाखो रुपए कीमत के सोने चांदी के आभूषण पार कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पीड़ति राम गोपाल तिवारी पिता स्व0 मोहन लाल तिवारी उम्र 70 साल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 29 मार्च की रात करीब 10 बजे मै अपनी पत्नि उषा तिवारी के साथ ग्राम कुर्करामठ गया था, जहां नवरात्रि में 9 दिन की पूजा होती है। मेरा मौन व्रत होता है। घर पर मेरा बडा बेटा और बहू थे। 05 अप्रैल की रात करीब 8.30 बजे मेरा बडा बेटा और बहू साकेत नगर वाले घर में ताला लगाकर कुर्करामठ आ गये थे। 06 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे रिश्तेदारों से जानकारी लगी कि मेरे साकेत नगर वाले घर में चोरी हो गई है। मेरा मौन व्रत होने एवं पूजा पाठ में व्यस्त होने के कारण तत्काल घर नहीं आ सका था। 09 अप्रैल को मै जब घर आया तो देखा कि कोई अज्ञात व्यक्ति 05 अप्रैल की दरम्यानी रात घर में घुसकर चोरी कर लिया है। घर में रखा एक सोने का रानी हार मंगलसूत्र वजन 2 तोला, 2 सोने के कंगन, एक सोने का पंजाबी झाला वजन 1.5 तोला, एक सोने का झाला वजन लगभग 2 तोला, 3 जोडी सोने के कान के फूल वजन लगभग 1.5 तोला, एक जोडी नये सोने के कान के फूल वजन 0.5 तोला, एक सोने का मंगलसूत्र लाकेट वजन 1.5 तोला, 6 नग मंगलसूत्र छोटे वाले वजन लगभग 3.5 तोला, 2 सोने की चेन वजन लगभग 2 तोला, 8 अंगूठी सोने की वजन लगभग 7 तोला, एक मंगलसूत्र सोने का वजन लगभग 1.5 तोला, एक मनचली सोने की वजन लगभग एक तोला, एक मंगलसूत्र लाकेट सोने का वजन लगभग 4 तोला, 5, 6 जोडी मंगलसूत्र सोने के वजन लगभग 4 तोला, पुखराज जडी सोने की अंगूठी वजन लगभग एक तोला व एक बैग में रखें चांदी की बिछिया, पायजेब, पायल 5 जोडी, करधन 3 जोडी, पायल मोटी 6 जोड़ी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। चोरी किए गए जेवर के बिल अभी मिल नहीं रहे हैं। कीमत देखकर पृथक से प्रस्तुत करूगा। नगदी एक लाख रूपये भी कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 331(4), 305 (I) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

## केवलारी में 9 दिवसीय श्रीराम कीर्तन का किया गया समापन



डिंडौरी। जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत ग्राम केवलारी के मां नर्मदा तट में स्थित त्यागी सेवा आश्रम में 9 दिवसीय अखंड श्रीराम कीर्तन का समापन रविवार को किया गया। इस दौरान त्यागी महाराज ने विश्व कल्याण की कामना के साथ धूनी के बीच तपस्या भी शुरू की है । त्यागी जी महाराज के द्वारा चैत्र शुक्ल पक्ष की पंचमी से गंगा दषहरा तक धूनी रमाकर भरी दोपहरी तप करते है और यह सिर्फ मानव कल्याण के लिए है। त्यागी महाराज लगभग 15 वर्षो से बगैर अहार लिए धार्मिक अनुष्ठान में लगे हुए है। रविवार को अखंड श्री राम कीर्तन के समापन के अवसर पर कन्या भोजन एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गौरतलब है कि त्यागी महाराज के आश्रम में प्रतिवर्ष श्रीराम नवमी से हनुमान प्राकट्योत्सव तक 9 दिवसीय श्रीराम कीर्तन का आयोजन कराया जाता है। इस साल 5 अप्रैल से 13 अप्रैल तक आयोजन किया गया। आश्रम से जुड़े भक्त रवि मिश्रा ने बताया कि श्रीराम कीर्तन में आसपास के गांवों से महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। प्रतिदिन अलग अलग गांव की मंडलियों द्वारा कीर्तन किया गया। कार्यक्रम में अपने माता पिता के साथ आया एक छोटा बच्चा जिसने तबला बजाकर सबका मन मोह लिया। बच्चा लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। उसकी प्रतिभा की सभी ने सराहना की।

## मेंहदवानी में राजस्व विभाग ने 9 पक्के दुकानों पर चलाया बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी






जनपद पंचायत मुख्यालय मेंहदवानी में मंगलवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व विभाग ने अतिक्रमण कर बनाए गए 9 पक्के दुकानों को दो जेसीबी मशीन की मदद से जमींदोज कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मुख्यालय मेंहदवानी के बाजार एरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे दुकानदारों द्वारा पक्का दुकान निर्माण करा लिया गया था जिसकी शिकायत जनपद पंचायत मेहंदवानी के अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदवानी के बीएमओ डॉ चन्द्रशेखर धुर्वे के द्वारा किया गया था। मीडिया में खबर चलने के बाद कार्यवाहीपक्के दुकान निर्माण के बाद भी शासन प्रशासन ने चुप्पी साध रखी थी जिसके बाद मीडिया तक बात पहुंची और खबर चलने के बाद प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार को पुलिस बल की मौजूदगी में दो जेसीबी मशीन की मदद से 9 पक्के दुकानों को ढहा दिया गया।ये रहे मौजूदराजस्व विभाग के द्वारा दुकानों में जेसीबी मशीन की कार्यवाही के दौरान मौके पर नायब तहसीलदार भीमसेन, थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे सहित भारी संख्या में पुलिस बल, राजस्व निरीक्षक, पटवारी गण तथा कई ग्रामों के कोटवार मौजूद रहे।

# यज्ञ स्वयं नारायण है - राष्ट्रीय संत सनकादिक महाराज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शास्त्रों में कहा गया है कि यज्ञ स्वयं नारायण है, सनातन परंपरा और संस्कृति में रामजी की कृपा से विशेष महत्व है। यज्ञ सबसे बड़ा अनुष्ठान है और धर्म का पालन करना सबसे बड़ा कर्तव्य है। उक्त बात मंगलवार को बायपास रोड टट्टा पुल के समीप स्थित श्री सिद्ध बाबा झिरना परिसर में 19 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले यज्ञ की तैयारियों के संबंध में जानकारी देते हुए श्री श्री 1008 अनन्त विभूषित राष्ट्रीय संत चित्रकूट धाम सनकादिक महाराज ने कही। महाराजश्री ने कहा कि मनुष्य को सुख शांति और खुशहाली के लिए धर्म पर चलना चाहिए। यदि लोग धर्म पर चलेंगे तो कभी भी अधर्म नही होगा और नैतिकता अवश्य बनाये रखें क्योंकि नैतिकता जहां खत्म होगी वहीं अनैतिकता आ जायेगी। नैतिकता और धर्म के पालन के लिए बहुत प्रयास करने पड़ते हैं। जबकि अधर्म और अनैतिकता अपने आप आ जाती है। महाराजश्री ने आगे कहा कि धर्म का प्रत्यक्ष लाभ यह है कि हम अधर्म से बच जाते हैं। महाराजश्री ने कहा कि भगवान हमारे हैं और भगवान सबके हैं। आपने अफसोस के साथ कहा कि इस युग में धर्म अंदर से कम हो रहा है। दिखावा और प्रदर्शन ज्यादा बढ़ रहा है। वहीं महाराजश्री ने बताया कि भगवान श्री सीताराम जी सरकार की अनुकम्पा से 19 अप्रेल से 27



अप्रेल तक 21 कुण्डीय श्री राम महायज्ञ श्री रामकथा, श्री रामलीला एवं विराट संत सम्मेलन एवं प्रति भण्डारा श्री सिद्व बाबा झिरना बायपास पर होगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्वालुओं भरा उत्साह है और मन कर्म वचन से अनेक श्रद्वालु तैयारियों में जुटे हुए हैं। महाराजश्री ने बताया कि 19 अप्रेल से प्रारंभ हो रहे यज्ञ में पहले दिन सुबह 8 बजे से श्री सिद्व बाबा झिरना से कलश यात्रा वाहनों से निकाली जायेगी एवं शाम 4 बजे से श्रीराम कथा, शाम 7 बजे से श्रीरामलीला एंव 20 अप्रेल से प्रतिदिन यज्ञ पूजन सुबह 7 से 10 बजे तक, हवन 10 से दोपहर 2 बजे तक,शाम 4 बजे से श्रीराम कथा व शाम 7 बजे रात्रि 10 बजे तक श्री रामलीला होगी। जबकि 20 एंव 21 अप्रेल को शंकराचार्य नेत्रालय झौतेश्वर द्वारा सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक निरूशुल्क नेत्र जांच परामर्श शिविर लगाया जायेगा एंव 27 अप्रेल को पूर्णाहूति व संत ब्राहण भेंट विदाई कार्यक्रम होगा। पत्रकारवार्ता के दौरान मौजूद आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि संत सनकादिक महाराज के सानिध्य में यह यज्ञ हो रहा है। सभी धर्मप्रेमियों से अपील की गई है कि वे यज्ञ में अधिक से अधिक सहयोग कर आयोजन में सहभागी बनें।

## खबर संक्षेप

### करेंट से युवा की मौत

**तेंदूखेड़ा।** तहसील तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बीकोर निवासी राजेश पिता सोमनाथ राठोर 21 साल को जिले की सीमा से लगे ग्राम बूढ़ा जिला रायसेन के खेत में काम करते समय सुबह-सुबह करेंट लग जाने से दर्दनाक मौत हो गई। चूंकि खेत रायसेन जिले की सीमा में होने के कारण उदयपुरा तहसील में कार्यवाही एवं पी एम किया गया।

### सुअर ने किया महिला पर हमला

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों गन्ना के खेतों में जंगली सुअरों का आतंक बना हुआ है। बड़ी संख्या में सुअरों के झुंड फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। विगत दिनों समीपी ग्राम ग्वारी में खेत में काम करने गई महिला शकीला ख्याली खान 60 वर्ष पर खेत में छिपे एक सुअर ने हमला कर दिया जिसे गंभीर चोटें आने पर तेंदूखेड़ा में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

### चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर कक्षा 9 वीं में 240 सीटों पर चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2025 तक की गई है। विद्यालय की शेष रिक्त शीटों पर प्रवेश प्रतीक्षा सूची से वरीयता क्रमानुसार 17 अप्रैल 2025 से प्रारंभ किया जावेगा। प्रवेश के लिए प्रतीक्षा सूची, संबंधी दिशा- निर्देश तथा दस्तावेजों की जानकारी विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। उल्लेखनलीय है कि जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर कक्षा 9 वीं में प्रवेश चयन परीक्षा 2025- 26 का परीक्षा का परिणाम 25 मार्च 2025 को जारी किया जा चुका था। विद्यालय की संवर्गवार जिला मेरिट सूची पोर्टल पर एवं विद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की गई थी। मेरिट सूची के आधार पर जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर की 240 सीटों पर चयनित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक अप्रैल 2025 से प्रारंभ की गई है, जो 10 अप्रैल तक थी। प्रवेश पूर्ण न होने के कारण अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2025 तक बढ़ा दी गई की गई है।

### जनसुनवाई में आये 80 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 15 अप्रैल को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 80 आवेदन आये।

### कंटेनर से टूटी विद्युत लाइन, हुआ बवाल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** बीती रात रहवासी क्षेत्र सदर मढ़िया के पीछे रहवासी क्षेत्र मे कंटेनर घुसने से कई घरों की विद्युत आपूर्ति लाइन टूट गई। जिससे लोगों द्वारा विरोध किया गया। स्थानीय लोगों की कंटेनर की चालक से काफी देर तक कहा सुनी भी हुई और लोंगो द्वारा हंगामा प्रारंभ कर दिया गया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक को हिरासत मे लेते हुई लोंगों को समझाइस दी गई। मौके पर पहुंचकर विद्युत विभाग द्वारा सुधार कार्य किया गया।

## किसानों को अपने खेतों में गहरी जुताई करने की सलाह

### मिट्टी उर्वरता बढ़ाने, खरपतवार नियंत्रण व जल संरक्षण में होती महत्वपूर्ण भूमिका

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं कृषि वैज्ञानिकों ने जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन समय में अपने खेतों में गहरी जुताई करने की सलाह दी है। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने, खरपतवार नियंत्रण करने और जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गर्मी के मौसम में खेत खाली रहने के दौरान गहरी जुताई करने से मिट्टी में मौजूद हानिकारक कीटों और बीमारियों के अंडे तथा लार्वा नष्ट हो जाते हैं। गहरी जुताई के कारण खरपतवार भी जड़ से उखड़ जाते हैं और अगली फसल लेने से इनका प्रकोप कम हो जाता है। जिले के किसानों से अपेक्षा की गई है कि वे कृषि विभाग के अधिकारियों और कृषि वैज्ञानिकों से संपर्क कर ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई की सही विधि और इसके लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह एक सरल और प्रभावी कृषि तकनीक है। किसान इसे अपनाकर मिट्टी को स्वस्थ और बेहतर फसल उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने गहरी जुताई से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गहरी जुताई से मिट्टी की संरचना में सुधार होता है। वर्षा जल का बेहतर अवशोषण होता है और मिट्टी में नमी अधिक समय तक बनी रहती है। यह शुष्क क्षेत्रों और कम वर्षा वाली फसलों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त गहरी जुताई से मिट्टी में हवा का संचार बेहतर होता है, जो पौधों की जड़ों के विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने किसानों से अपेक्षा की कि वे इस सलाह को गंभीरता से लेकर ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई कर अपनी कृषि पद्धतियों को और अधिक बेहतर एवं लाभकारी बनायें। कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को बताया कि ग्रीष्मकालीन समय में गहरी जुताई से मिट्टी के स्वास्थ्य और फसल उत्पादन की स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

## विद्युत पेंशनरों का प्रांतीय सम्मेलन संपन्न हुआ




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विद्युत पेंसनरो ने ज्ञापन सौंपा पेंशनरों का प्रांतीय सम्मेलन संपन्न हुआ' विगत दिवस गाडरवारा के संस्कार भवन में पेंशनरों का प्रांतीय सम्मेलन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में प्रांतीय संरक्षक एस.एम.एस.ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। पेंशनर समाज नरसिंहपुर से तहसील शाखा के प्रतिनिधि मंडल में अनिल राय तहसील अध्यक्ष ,सी बी शर्मा ,विजय शर्मा ,अरुण खरे, गणेश कुमार चतुर्वेदी, भवानी शर्मा एवं आदित्य शर्मा आदि पेंसनर शामिल थे। कार्यक्रम में पेंशनर समाज द्वारा एक ज्ञापन पेंसनरो की समस्या से संबंधी मुख्यमंत्री को मंत्री के माध्यम से प्रेषित किया गया। पेंसनरो की समस्या से संबंधी ज्ञापन में उल्लेखित की गई समस्याओं पर विस्तृत चर्चा गणेश कुमार चतुर्वेदी द्वारा की गई जिस पर मंत्री द्वारा सहानुभूति पूर्वक चर्चा कर समाधान का आश्वासन संगठन को दिया गया है।

## करेली में आयोजित हुई जल संगोष्ठी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में नवांकुर संस्था व सखी मिलन महिला मंडल करेली द्वारा जल संगोष्ठी का आयोजन किया। लोगों को जल का महत्व बताने, जल का सदुपयोग करने और जल स्त्रोतों की साफ- सफाई कर उनका संरक्षण करने के संबंध में विस्तार से बताया। जल संरक्षण व संवर्धन के लिए राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 30 जून तक यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के सफलता के लिए गांव- गांव में जाकर जल दूतों का पंजीयन करवाया जाये।

## जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से कुआं का हुआ गहरीकरण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। इस दौरान जिले में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी- कर्मचारियों, मप्र जनअभियान नरसिंहपुर व उनकी संस्थाओं और नागरिकों की मौजूदगी में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। जगह- जगह जल संगोष्ठी, प्रतियोगितायें, शपथ सहित दीवार लेखन आदि के कार्य किये जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर लोगों को जल का महत्व बताते हुए अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। इसी क्रम में सालीचैका नगर में जल संगोष्ठी आयोजित कर श्रमदान किया गया। सांईखेड़ा नगर स्थित पुराना कुंआ में श्रमदान कर गहरीकरण का कार्य किया गया। बरसात के जल को संचय करने के उद्देश्य से कुंयें की साफ-सफाई कर 2 फीट गहरीकरण का कार्य किया गया। इस कार्य में सेक्टर बसुरिया में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका, जनशक्ति सेवा समिति उकास घाट एवं विवेकानंद वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति सालीचैका के समन्वय से किया गया। यहां आयोजित जल संगोष्ठी के दौरान जल संरक्षण व संवर्धन के विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जल संरक्षण के लिए जन सहभागिता, जागरुकता, पौधरोण, जल स्त्रोतों की साफ- सफाई, जल संचय करने के उद्देश्य से खंती निर्माण, मेड़ व बोरी बंधान, खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में रहे, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान वीरेन्द्र वर्मा ने जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विवेकानंद वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति सालीचैका , नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति, भमका, नवांकुर संस्थायें, प्रस्फुटन समितियों सहित नागरिक मौजूद थे।

## करेली में आयोजित हुआ विकासखंड स्तरीय व्याख्यान माला कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संविधान निर्माता व भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में सीएम राइज विद्यालय सभागार करेली में विकासखंड स्तरीय व्याख्यान माला कार्यक्रम का आयोजन मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर गोविन्द जाटव, विजय ठाकुर, विशिष्ट अतिथि उदय ठाकुर, रामभरोसे यादव, अन्य जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी, नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, परामर्शदाता सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि गोविंद जाटव ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का मूल मंत्र शिक्षित बनो, संघर्ष करो और संगठित रहो। इस पर हम सभी को अनुशरण की आवश्यकता है। उन्होंने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए



संविधान लिखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विजय ठाकुर ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने महिलाओं, दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों को शिक्षा, समानता, न्याय एवं स्वतंत्रता का अधिकार दिलवाया। उन्होंने आठ देशों के संविधान का अध्ययन कर किया और संविधान को भारत में सम्मलित किया। विशिष्ट अतिथि उदय ठाकुर ने डॉ. अम्बेडकर की जयंती को प्रेरणा पर्व के रुप में मनाने की बात कही। उन्होंने राष्ट्र समाज के लिए किये गये संघर्षों व कानूनी अधिकारों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने हम सभी को लोकतंत्र का अधिकार दिया है। कार्यक्रम की प्रस्तावना विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक ने की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी को संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता राजेश सराठे एवं आभार श्रीमती वंदना झारिया ने प्रकट किया।

## बंधी में वन विभाग की कार्यवाही 106 नग सागौन जब्त



**तेंदूखेड़ा।** गत दिवस समीपी ग्राम बंधी सर्रा में वन परिक्षेत्राधिकारी गौरव वानखेड़े के नेतृत्व में कार्यवाही के चलते हरिदास लोधी के निवास से 106 सागौन के नग लगभग 0.897 घन मीटर लकड़ी जब्त की गई।इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्राधिकारी गौरव वानखेड़े डिप्टी रेंजर प्रभात पटेल गीतेश पटेल रुप नारायण एवं नरेंद्र ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।

## सुन्हेटी में बिजली की समस्या से उपभोक्ता परेशान



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों बिजली की समस्या से लगभग हर वर्ग परेशान बना हुआ है।इसी समस्या के चलते मंगलवार को ग्राम सुन्हेटी के उपभोक्ताओं ने पावर हाऊस में जाकर अपनी समस्याओं को निराकृत करने की बात कही। उपभोक्ताओं का कहना है कि हमारे यहां 25 वाट का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। और भार उससे भी ज्यादा है।आये दिन अधिक भार के चलते ट्रांसफार्मर जलने लाइन बैठने बिजली बंद हो जाती है।बार बार विद्युत आपूर्ति भी ठप्प हो जाती है। उपभोक्ताओं द्वारा बार बार भार क्षमता बढ़ाने की मांग भी की गई लेकिन अभी तक कोई निराकरण नहीं हुआ है।

### गांव में पानी की समस्या

सुन्हेटी के लोगों का कहना है कि गांव में पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है।हेंडपंपो से भी पानी की जगह हवा निकलने लगी है।ऐसी स्थिति में बिजली के माध्यम से यदि खेतों से पानी लाया जाये तो वह भी नहीं हो पा रहा है। मवेशियों को पानी पिलाने की समस्या बनी हुई है।लोग खेतों में ट्यूब बेल में जाकर निस्तार भी करना चाहें तो वह भी नहीं हो पा रहा है।

## 33 करोड़ की लागत से बनीं तेंदूखेड़ा डोभी सड़क मार्ग पर निकलने लगी भ्रष्टाचार की दरारें



**तेंदूखेड़ा।** विगत 4 वर्ष पूर्व तेंदूखेड़ा डोभी बरमान सड़क का निर्माण लगभग 33 करोड़ की लागत से संबंधित ठेकेदार द्वारा किया गया था। जिसके रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की थी किंतु लोक निर्माण विभाग की अनदेखी के कारण उक्त सड़क मार्ग पर बीचो-बीच लगभग आधा फुट से 1 फुट की दरारें आ गई हैं। परिणाम स्वरूप दो पहिया वाहन चालकों को आवाजाही करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे कभी भी उक्त दरारें बड़ी दुर्घटना घटित कर सकती हैं। ज्ञात हो कि क्षेत्र वासियों द्वारा निर्माण के दौरान ठेकेदार से सहानुभूति पूर्वक कहा भी गया था कि बड़ी मुश्किल से सड़क का निर्माण हो रहा है इसे गुणबत्ता पूर्ण मार्ग का निर्माण करें। किंतु पीडब्ल्यूडी विभाग की हीला हवाली के चलते गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण किया गया है। दरारों के अलावा जगह जगह से रोड के बीचों बीच से भी दरारे दिखने लगी है जो इस बात का अंदेशा दे रही हैं की मार्ग का निर्माण कितनी गुणवत्ता हीन तरीके से किया गया है। 24 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों साइड की पटलियो पर भी गाजर घास व झाड़ियां हो गई है जिससे पटलिया दिखाई नहीं देती। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जगह-जगह मार्ग में गड्ढे निकल आए हैं। जिससे आगे चल कर और क्षतिग्रस्त होता चला जाएगा।यदि समय रहते मार्ग पर ध्यान ना केंद्रित किया गया तो आने वाले समय में और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान डोभी के समीप छोटी पुलिया के निर्माण की बात भी अधिकारियों व ठेकेदार से की थी किंतु उक्त पुलिया का निर्माण मनमानी तरीके से करा कर खानापूर्ति करा दी गई। जिसके कारण बरसात मैं सड़क आवागमन बंद हो सकता है तथा निचले स्तरों में बने मकानों में भी जलभराव हो जाता है। जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग अधिकारियों से ग्रामीणों ने मांग की है कि बरसात पूर्व पुलिया का पुनः निर्माण कराया जाए।

### दरारों को डामल से भर कर की गई खाना पूर्ति

विगत कुछ समय पूर्व जब इस मुद्दे को अखबारों के माध्यम से प्रकाशित कराया गया था तो लोक निर्माण विभाग द्वारा आनन फानन में इन दरारों को डामल और मुरम से भरकर खाना पूर्ति कर दी गई थी। परंतु एक से दो महीने के बाद रोड में फिर से पुनः वही स्थिति निर्मित हो गई है। जिसके कारण आए दिन रोड पर दो पहिया वाहन वाले गिरकर हादसे का शिकार हो रहे हैं।



### पुलों की बढ़ाई जाये ऊंचाई

तेंदूखेड़ा से डोभी होकर बरमान जाने वाले सड़क मार्ग पर बरांझ और पांडाझिर नदियां भी गुजरती हैं।बरांझ नदी इमझिरा के समीप और पांडाझिर नदी डोभी होकर गुजरती है। इन दोनों नदियों पर छोटे छोटे पुल बनें हुए हैं जो अब क्षतिग्रस्त होने लगे हैं। इनकी ऊंचाई बढ़ाये जाने और बरसात के दिनों में थोड़ी सी वारिस में ही इन पुलों के ऊपर से पानी हो जाने से सड़क मार्ग एक से दो दिनों तक मार्ग बंद रहता है।सेतु निगम को अलग से पुल निर्माण हेतु विभागीय स्तर पर कार्यवाही लिखा पड़ी की गई लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई है।